# 'खून और पानी साथ नहीं बहेंगे'

- 103 मिनट का भाषण ऑपरेशन सिंदुर से शुरू
- आतंकियों को मिली सख्त सजा, देश का बदला पूरा



**नईदिल्ली, 16 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस भाषण में आतंकवाद, आत्मनिर्भर भारत, रोजगार, डेमोग्राफी, और स्पेस स्टेशन जैसे मुद्दों पर बड़े ऐलान किए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब भारत 'परमाणु धमकियों' और 'ब्लैकमेलिंग' को सहन नहीं करेगा.**

15 अगस्त को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से अपना 12वां संबोधन दिया. पीएम का 103 मिनट का भाषण ऑपरेशन सिंदुर से शुरू हुआ. उन्होंने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, अब ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे, साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में वीर सैनिकों को सलाम किया जिन्होंने सीमापार आतंकियों को कठोर सजा दी. मोदी ने सिंधु जल समझौते पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब भारत अपने जल संसाधनों का इस्तेमाल अपने किसानों के लिए करेगा.उन्होंने स्पष्ट किया, खून और पानी साथ नहीं बह सकते.अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देते हुए उन्होंने भारत के अपने स्पेस स्टेशन की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ने का ऐलान किया.ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के स्पेस मिशन का भी जिक्र हुआ.

### इस दिवाली 'डबल गिफ्ट' मिलेगा

पीएम ने जनता को आश्वस्त किया कि दिवाली 2025 विशेष होगी, क्योंकि इस दिवाली 'डबल गिफ्ट' मिलेगा. एक नया जीएसटी रिफॉर्म और टैक्स में भारी छूट .साथ ही, 1 लाख करोड़ की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का ऐलान किया गया जिससे करोड़ों युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है .देश में हो रही अवैध घुसपैठ पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने 'डेमोग्राफी मिशन' शुरू करने की घोषणा की, जिससे सीमावर्ती इलाकों में जनसंख्या संतुलन को सुरक्षित किया जाएगा. प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्षों की सेवा का जिक्र करते हुए उसे दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बताया और स्वयंसेवकों की राष्ट्रसेवा को सम्मानित किया. इस भाषण में मोदी ने जहां भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया, वहीं भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और आत्मनिर्भरता के लिए स्पष्ट दिशा भी दिखाई.

## युवा कांग्रेस ने शुरू किया घर-घर जाकर मतदाता सूची जांचने का अभियान

**नई दिल्ली 16 अगस्त.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर मतदाता सूचियों में फिर गड़बड़ियों के आरोप को लेकर देशभर में अभियान चलाने की पार्टी की घोषणा के बीच युवा कांग्रेस ने घर-घर जाकर मतदाताओं का सूची से मिलान करने का अभियान शुरू किया.युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उन्होंने जम्मू (उत्तर) विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ तथाकथित वोट चोरी के खिलाफ घर-घर मतदाताओं से संपर्क कर इस अभियान की शुरुआत की. चिब ने कहा, लोकतंत्र की लड़ाई अब हर बूथ तक पहुंच चुकी है.नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर वोट चोरी रोको आंदोलन का ऐलान किया है.

# मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश

### गरज-चमक के साथ अति भारी बारिश की आशंका



**नईदिल्ली, 16 अगस्त. भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 16 से 22 अगस्त तक देश के कई हिस्सों में गरज-चमक और आंधी के साथ अति भारी बारिश की आशंका है.**

आईएमडी के मुताबिक, कोकण, मध्य महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और सौराष्ट्र में 16 अगस्त और फिर 18 से 20 अगस्त के बीच बहुत भारी बारिश होगी.वहीं, तेलंगाना में 16 और 17 अगस्त को अति भारी वर्षा की आशंका है.तटीय कर्नाटक में भी 18 और 19 अगस्त को ऐसी ही स्थिति रहेगी. मध्य और पूर्वी भारत में,दक्षिण विदर्भ में 16 अगस्त को और मध्य प्रदेश में 18 अगस्त को अति भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है.इसके अलावा, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बिहार में 18 से 22 अगस्त के बीच भारी वर्षा होने की आशंका है.वहीं उत्तर भारत में, उत्तराखंड में भी भारी बारिश की आशंका जताई जा रही है.पूर्वी राजस्थान में 19, 21 और 22 अगस्त को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है.

### मुंबई में जलभराव

मुंबई में लगातार भारी बारिश के कारण शहर में व्यापक जलभराव और जनजीवन प्रभावित हुआ है. मौसम विभाग ने मुंबई, पालघर, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी के लिए रेड अलर्ट जारी किया है जिसमें अतिवृष्टि की चेतावनी दी गई है.

# 'नया आयाम देने का पक्षधर है भारत'

### विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा

**नई दिल्ली 16 अगस्त. विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा है कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ बनाने तथा इन्हें नयी ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है.**

डॉ. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आये दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ बैठक से पहले शनिवार को यहां अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के दसवें वर्ष में भारत परस्पर संबंधों को नयी ऊंचाई पर ले जाने का पक्षधर है.उन्होंने उम्मीद जतायी कि दोनों के बीच यह बैठक सार्थक रहेगी.विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डॉ जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है.उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है. डॉ. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा, यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है - यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है.



> जयशंकर ने कहा मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ .वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूँगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था .उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि आज की बैठक में दोनों देश इस बात पर चर्चा करें कि हम अपने संबंधों को और ऊँचे स्तर पर कैसे ले जा सकते हैं .उन्होंने कहा, हमें बहुत सी बातों पर चर्चा करनी है - रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, अर्थशास्त्र, संपर्क, लोगों के बीच संबंध पर.

## चुनाव आयोग आज करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नईदिल्ली, 16 अगस्त.** भारत निर्वाचन आयोग 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा, जहां एसआईआर और वोट चोरी के आरोपों पर उठे विवादों पर स्पष्टीकरण दिया जा सकता है. कांग्रेस के राहुल गांधी ने हाल ही में चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेरफेर और लाखों फर्जी वोटर्स जोड़ने के आरोप लगाए थे.आयोग ने उनसे सबूत और शपथपत्र मांगा है.भारत निर्वाचन आयोग ने रविवार 17 अगस्त को नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है.माना जा रहा है कि यह प्रेस वार्ता एसआईआर प्रक्रिया और हाल में कांग्रेस द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों के जवाब में आयोजित की जा रही है.

# टीम वेकोलि ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस




**नागपुर, 16 अगस्त. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में 15 अगस्त, 2025 को उत्साह एवं उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया.**

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जेपी द्विवेदी ने वेकोलि सुरक्षा गारद की परेड का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं बैज प्रदान किया, उपरान्त टीम वेकोलि को संबोधित किया. उन्होंने अपने उद्बोधन में कंपनी के उत्पादन, उत्पादकता, पर्यावरण संरक्षण, खनन कार्यों में सुरक्षा, सीएसआर की गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कंपनी में नई तकनीक और नए उपकरणों के उपयोग पर बल दिया. उन्होंने उम्मीद जताई कि गत वर्ष की तरह, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड इस वित्तीय वर्ष में भी अपना उत्पादन का लक्ष्य पूर्ण करेगा. उन्होंने कर्मियों से आह्वान किया कि कोयला उत्पादन के माध्यम से देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वेकोलि मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा आभा द्विवेदी, उपाध्यक्षा रीना पांडे, वेकोलि के निदेशक (वित्त) बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) आनंद प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, सीवीओ अजय मधुकर म्हेत्रे, वेकोलि संचालन समिति के सदस्य, कल्याण मंडल के सदस्य, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्यालय महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष गण प्रमुखता से उपस्थित रहे. सीएमडी जेपी द्विवेदी, निदेशक गण, सीवीओ एवं अन्य गणमान्यों ने वेकोलि मुख्यालय के आवासीय परिसर में शिशुगृह का उद्घाटन किया. बेस्ट क्षेत्र के पुरस्कारों की श्रेणी में उमरेड क्षेत्र को प्रथम, बल्लारपुर क्षेत्र को द्वितीय तथा माजरी क्षेत्र को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे.

### एक नजर में



## कनाडा : आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा, 16 अगस्त.** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया.यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी.प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया.रिपोर्ट में कहा गया कि पायलट होश में है और उसे मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है.प्रांतीय अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने के कारण यह आग लगी.विमान दुर्घटनाओं की जांच करने वाली ट्रांसपोर्ट कनाडा को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है तथा उम्मीद है कि वह इसकी जांच करेगी।

# श्रीकृष्ण का आदर्श मार्ग दिखा रहा दिशा

- पीएम मोदी सहित कई नेताओं ने दी जन्माष्टमी की बधाई



**नईदिल्ली, 16 अगस्त. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर देशवासियों को बधाई दीं. देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को धूमधाम के साथ मनायी जा रही है.**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सम्पूर्ण मानवता को धर्म के अनुसार कर्तव्य मार्ग पर चलते हुए सभी प्राणियों के हित में लगे रहने का संदेश दिया है.उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जन्माष्टमी के अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि श्रीकृष्ण के दिखाए मार्ग का अनुसरण करेंगे और समाज व राष्ट्र को मजबूत बनाएंगे. अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि - श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं.

> प्रधानमंत्री ने भी 'एक्स' पर पोस्ट किया, सभी देशवासियों को जन्माष्टमी की असीम शुभकामनाएं .आस्था, आनंद और उमंग का यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे .जय श्री कृष्णा! उन्होंने जन्माष्टमी को आस्था, आनंद और उत्साह का पर्व बताया .इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से श्रीकृष्ण का उल्लेख करते हुए कहा था कि श्रीकृष्ण के शस्त्र के नाम पर सरकार ने मिशन 'सुदर्शन चक्र' की शुरुआत की है.

### आज का इतिहास

1717 - फ्रांस, रूस और प्रशिया के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

1743 - स्वीडन और रूस के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

1787 - यहूदियों को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में समूह बनाकर प्रार्थना करने की इजाजत मिली।

1836 - ब्रिटेन की संसद में जन्म, विवाह और मृत्यु से संबंधित पंजीकरण स्वीकार किये गये।

1858 - हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया।

1914 - लिथुवानिया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण

# बिहार में उद्योग लगाने उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा

- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी जानकारी



**पटना, 16 अगस्त. बिहार सरकार ने राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया है.बिहार सरकार उद्यमियो के लिए विशेष आर्थिक पैकेज लेकर आई है.**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी विस्तृत जानकारी दी है. इसके तहत बिहार में अगले छह में उद्योग लगाने वालों को विशेष सुविधा दी जाएंगी.इनमें कैपिटल सब्सिडी, ब्याज एवं जीएसटी मुफ्त जमीन जैसी कई सुविधाएं शामिल हैं. कुमार ने एक्स पर लिखा,2020 में सात निश्चय-2 के तहत की गई घोषणा के क्रम में उनकी सरकार ने 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है.उन्होंने कहा कि अब उनकी सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है.राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधाएं देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है.अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा.कुमार ने कहा कि निजी क्षेत्रों को बिहार में उद्योग लगाने के लिये और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया गया है.

### प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा

सीएम नीतिश ने बताया कि इसके तहत कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी तथा जीएसटी के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा .उद्योग लगाने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी तथा ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों को मुफ्त में जमीन दी जाएगी .उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिये आवंटित भूमि से संबंधित विवादों को समाप्त किया जाएगा .उन्होंने कहा कि यह सारी सुविधाएं अगले छह महीने में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को दी जाएंगी .मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके अलावा कई और प्रावधान भी किए गए हैं, जिससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी .इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी .उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो.

# झारखंड के शिक्षा मंत्री नहीं रहे



**नई दिल्ली 16 अगस्त. झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का शुक्रवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया. उनके बेटे ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी. सोरेन का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था.वह पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थे.**

सोरेन दो अगस्त को अपने जमशेदपुर स्थित अपने आवास पर बाथ रूम में गिर गए थे.जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी.उन्हें जमशेदपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था लेकिन हालत गंभीर देखते हुए दिल्ली रेफर किया गया.

### इधर, नागालैंड के राज्यपाल का निधन




वहीं नागालैंड के राज्यपाल ला. गणेशन का शुक्रवार देर रात निधन हो गया. राज्य सरकार ने 7 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है. वे 8 अगस्त को चेन्नई स्थित आवास में गिर गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई थी. इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. सरकार ने 16 से 22 अगस्त तक 7 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है.

## रूस के कारखाने में आग, 5 की मौत

**मास्को, 16 अगस्त.** पश्चिमी रूस के रियाज़ान क्षेत्र में शुक्रवार को एक कारखाने में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 112 अन्य घायल हो गए.यह जानकारी रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने दी.मंत्रालय ने कहा कि हादसे दे समय लगभग 350 विशेषज्ञ और 80 से अधिक उपकरण घटनास्थल पर काम कर रहे हैं.उन्होंने बताया कि मलबे से दो लोगों को बचा लिया गया है.क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने बताया कि आग शिलोव्स्की जिले के लेस्नोय में एक कारखाने की उत्पादन कार्यशाला में लगी. जांच अधिकारियों ने इस संबंध में खतरनाक उत्पादन सुविधाओं में औद्योगिक सुरक्षा आवश्यकताओं के उल्लंघन का केस दर्ज किया.

# संघर्ष से निकले नेता हैं केजरीवाल

### गडकरी सहित अन्य नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई



**नईदिल्ली, 16 अगस्त. संघर्षों की आग में तपकर उभरे एक साधारण इंसान से असाधारण नेता बने अरविंद केजरीवाल को आज उनके जन्मदिन पर पूरे देश से शुभकामनाएं मिल रही हैं.**


शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों को राजनीति के केंद्र में लाने वाले इस नेता को नितिन गडकरी ने शुभकामना संदेश भेजते हुए लिखा, आप स्वस्थ और दीर्घायु रहें. वहीं आदित्य ठाकरे ने मराठी में वाढदिवसाच्या मन:पूर्वक शुभेच्छा कहकर सम्मान जताया। जाति और धर्म से ऊपर उठकर स्कूल, अस्पताल और जनसेवा को राजनीति का आधार बनाने वाले केजरीवाल को सोशल मीडिया पर लाखों लोगों ने शुभकामनाएं दीं. पूरे दिन ट्रेंड करता रहा. समर्थकों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों की ओर से भी शालीन और आदरपूर्ण संदेश इस बात की पुष्टि करते हैं कि अरविंद केजरीवाल आज भारतीय राजनीति में जननायक के रूप में स्वीकार किए जा चुके हैं. संघर्षों की भट्टी में तपकर निकलने वाले नेतृत्वकर्ता. जाति-धर्म की राजनीति को स्कूल अस्पताल की राजनीति में बदलने वाले कुशल नेता. हर मुश्किल वक़्त का मुक़ाबला जज्बे और जुनून के साथ करने वाले भाई जी को जन्म दिन की ढेर सारी शुभकामनाएं. आज आम आदमी पार्टी के संस्थापक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन है. इस अवसर पर देशभर से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं न सिर्फ उनके समर्थकों से, बल्कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं.

### पुण्यतिथि

## मुर्म और मोदी ने 'सदैव अटल' जाकर वाजपेयी को पुण्यतिथि पर किया नमन

# अटल जी भारत की विकास यात्रा के मार्गदर्शक थे : पीएम

**नई दिल्ली 16 अगस्त. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , कई केन्द्रीय मंत्रियों और अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि 'सदैव अटल' जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.**



मुर्मु और मोदी तथा अनेक केन्द्रीय मंत्री सुबह 'सदैव अटल' पहुंचे और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वहां आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, किरण रिजिजू, गजेंद्र सिंह शेखावत तथा जदयू सांसद संजय झा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की. मोदी ने वाजपेयी को भारत के विकास और आत्मनिर्भरता की यात्रा का मार्गदर्शक बताया.

**योगी बोले- राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे अटल :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल जी वाकई में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे. वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं अटलजी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उन्होंने जीवन भर एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ काम किया। राष्ट्र उनके अभूतपूर्व योगदान को सदैव याद रखेगा। वाजपेयी ने 2018 में आज ही के दिन अंतिम सांस ली थी।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अटल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने वाजपेयी की सिद्धांतवादी राजनीति और निर्णायक नेतृत्व की विरासत पर प्रकाश डाला.

# मथुरा-वृंदावन में गूंजे कान्हा के जयकारे

## 60 लाख श्रद्धालु हुए शामिल

**मथुरा, 16 अगस्त. भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी देशभर में भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. मथुरा-वृंदावन से लेकर काशी, प्रयागराज, अयोध्या और नोएडा तक मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है.**

कहीं झांकियां सजी हैं, कहीं भजन-कीर्तन हो रहे हैं, तो कहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया है. भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी 2025 पूरे देश में श्रद्धा और आस्था के रंग बिखेर रहा है. विशेष रूप से उत्तर प्रदेश का मथुरा और वृंदावन, जहां श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और उनका बाल्यकाल बीता, इस अवसर पर भव्य सजावट और धार्मिक कार्यक्रमों का केंद्र बने हुए हैं. अनुमान है कि इस बार करीब 60 लाख श्रद्धालु देश-दुनिया से यहां पहुंचे हैं. मथुरा के कटरा केशवदेव स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में दिव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है. भागवत भवन में भगवान की दिव्य प्राकट्य लीला सम्पन्न होगी. भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की है. पुलिस और प्रशासन ने यातायात को सुचारु बनाने के लिए कई मार्गों को डायवर्ट किया है. वहीं, मंदिरों के खुलने और बंद होने का समय भी बढ़ा दिया गया है.

### सीएम योगी ने किया शिलान्यास

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मथुरा-वृंदावन की पवित्र भूमि पर भक्ति, श्रद्धा और विकास का अनुपम संगम देखने को मिला. श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भगवान केशव और राधा रानी के दर्शन-पूजन के साथ-साथ करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया. भगवान श्रीकृष्ण के 5,252वें जन्मोत्सव पर मथुरा की दिव्यता और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला.